# धमतरी उपभोक्ता आयोग में ई-हियरिंग शुरू




ई-हियरिंग की शुरुआत के दौरान उपस्थित अतिथि। ● जनसंपर्क

**नईदुनिया (वि.) धमतरी :** जिला उपभोक्ता आयोग धमतरी में ई-हियरिंग की सुविधा का विधिवत शुभारंभ न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा वर्चुअल फीता काटकर किया। छत्तीसगढ राज्य जिला उपभोक्ता आयोग के स्तर पर ई-हियरिंग प्रारंभ करने वाला देश का प्रथम राज्य बन गया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन रायपुर स्थित राज्य उपभोक्ता आयोग से आनलाइन माध्यम से किया गया, जिससे धमतरी जिला उपभोक्ता आयोग अब देशभर के उपभोक्ताओं एवं अधिवक्ताओं से तकनीकी माध्यमों से सीधे जुड़ सका है।

इस पहल से उपभोक्ताओं को त्वरित और सुलभ न्याय सुनिश्चित होगा। साथ ही समय एवं संसाधनों की बचत भी होगी। न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने इस अवसर पर अपने संदेश में कहा कि यह सुविधा राज्य में न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और डिजिटल उन्नत बनाएगी। इस अवसर पर गोपाल रंजन पाणिग्राही, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता आयोग धमतरी द्वारा ई-हियरिंग की प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि यह सुविधा न्यायिक प्रक्रियाओं को अधिक सुलभ और समयबद्ध बनाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को दूरस्थ क्षेत्रों से भी न्याय प्राप्ति में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि ई-हियरिंग के माध्यम से कोई भी पक्षकार अथवा अधिवक्ता, निर्धारित प्रारूप में तीन दिवस पूर्व आवेदन कर, आयोग द्वारा प्रदत्त लिंक के माध्यम से अपने मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से सुनवाई में सहभागी हो सकते हैं।